A-81 ~~A-81~~ ~~A-75~~ ~~A-81~~

011- 26661345- ~~6956134~~ ~~6956555~~

# NAV JEEVAN SAMAJ KALYAN VIKAS SAMITI (Regd.)

*Off. : 20/1, Lakhpat Colony-1, Meethapur Extn.*
*Badarpur, New Delhi-110044*

माननीय निदेशक (योजना)
एमपीआर दिल्ली विकास प्राधिकरण,
विकास मीनार, 6वीं मंजिल,
नई दिल्ली-110002

OFFICE OF UDM
Dy. No. 4122
Date 23/11/11

*DATE* ....................

विषयः- मास्टर प्लान 2021 में दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा लखपत कालोनी भाग-1 (1639/933) कालोनी को ओ जोन (**Zone O**) से निकालकर एफ जोन (**Zone F**) में डाले जाने हेतू निवेदन।

महोदय,

आपसे विनम्र निवेदन है कि लखपत कालोनी भाग-1 (1639/933) दिल्ली सरकार की 1639 अनाधिकृत कालोनियों की सूची में 933 पर सूचीबद्ध हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा तैयार व लागू किया गया मास्टर प्लान 2021 में हमारी कालोनी को जोन ओ (Zone O) में रखा गया है, जोकि सरासर गलत है। माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेशों के अनुसारयमुना नदी का अग्रभाग/यमुना बैड या यमुना नदी की धारा से दोनो ओर 300 मीटर के क्षेत्र में आ रहे इलाके के ही संरक्षण पर जोर दिया गया है।

PS to UDM
Sec(UD)

हमारी कालोनी लखपत कालोनी भाग-1 (1639/933) यमुना नदी से लगभग काफी दूरी पर है व हम लोग यमुना नदी के किनारे या अग्रभाग पर नहीं बैठे है। हमारी कालोनी के बाद दिल्ली की कुछ और कालोनियाँ हैं व उसके बाद हरियाणा के गांव अगवानपुर, सेहतपुर व हरियाणा की कुछ कालोनियाँ व सैक्टर एरिया भी आता है व उसके बाद कहीं जाकर यमुना नदी बहती है, जबकि दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा यमुना नदी से 1 किलोमीटर के दायरे में आ रही कालोनियों को पी जोन में रखा गया है, फिर हम तो लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर बैठे है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने हमारे क्षेत्र के बराबर में एफ जोन लागू किया है। अतः आपसे हमारा विनम्र निवेदन है कि आप कृपया हमारी कालोनी को भी एफ जोन की श्रैणी में ही रखें। हम आपके सदैव आभारी रहेंगें।

(बच्चू सिंह शर्मा) ... Singh Sharma
President
20/1, Lakhpat Colony
Methapur, Badarpur
New Delhi-110044

(रमेश गुप्ता)
महासचिव
महासचिव
नव जीवन समाज कल्याण विकास समिति
(रजि.)
20/1, लखपत कालोनी पार्ट-1
मीठापुर [illegible]

9213828095

प्रतिलिपीः-
1- माननीय उपराज्यपाल, राजनिवास, दिल्ली
2- श्री कमलनाथ जी, माननीय शहरी विकास मंत्री, भारत सरकार,
3- श्री रमेश कुमार माननीय सांसद दक्षिण दिल्ली।
4- श्री रामसिंह नेताजी माननीय विधायक, बदरपुर विधानसभा क्षेत्र।